# सवारियों से भरी रोडवेज बस पलटी, एक बच्ची की मौत, दो दर्जन घायल

## घायलों ने बताया कि ग्रामीण बस चाकसू से सवारियां भरकर फागी की ओर जा रही थी

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू इलाके के फागी स्टेट हाइवे-2 पर कादेड़ा गांव के पास सवारियों से भरी राजस्थान रोडवेज की एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में बस के सवार करीब दो दर्जन से ज्यादा सवारियां घायल हो गई। हादसे में एक तीन महिने की मासूम बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया। गंभीर हालत होने पर करीब 1 दर्जन घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। सूचना पर स्थानीय विधायक रामावतार बैरवा भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए घायलों से हालचाल लेते हुए त्वरित उपचार व्यस्थाओं पर जुट गए।

घायलों ने बताया कि ग्रामीण बस चाकसू से सवारियां भरकर फागी की ओर जा रही थी। इस बीच कादेडा गांव के पास पहुंचने पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान सवारियों में चीख पुकार मच गई और करीब 2 दर्जन सवारियां घायल हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया। मानवता का फर्ज निभाते हुए पत्रकार लोकेश कुमार गुप्ता भी मरीजों की सेवा करने में लग गये। घायल मरीजों को स्ट्रेचर पर ले जाकर एम्बुलैंस से जिला अस्पताल भिजवाया। इस दौरान उप जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर ऋतुराज मीना सहित चिकित्सक डॉक्टर अमित बत्रा, डॉक्टर मुकेश मीणा, डॉक्टर रविंद्र नारोलिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हंसराज मीणा घायल मरीजों का इलाज करने में जुट गए। वहीं अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोगों का कहना था कि स्टेट हाइवे की हालत खस्ता होने से यह हादसा हुआ लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



घायल सवारियों का अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार किया।

- चाकसू के स्टेट हाइवे-2 पर कादेड़ा गांव के पास घुमाव पर हुआ हादसा
- स्थानीय विधायक मौके पर पहुंचे, घायलों की कुशलक्षेम लेकर त्वरित उपचार का प्रबंध करवाया

# अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस सहित दो गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ के तहत मनीष कुमार आई.पी.एस. सहायक पुलिस अधीक्षक के निकटसुपरवीजन में थानाधिकारी करण सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना साकेत नगर के नेतृत्व में दो व्यक्तियों को एक अवैध हथियार व दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को सांय साकेत नगर थाना के महेश चंद्र उप निरीक्षक को गश्त के दौरान मुखबीर से मिली जानकारी के आधार पर रास बाबरा चौराहा के करीब रूपनगर जाने वाली रोड पर पहुंचने पर दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये। जैसे ही पुलिस टीम उनके नजदीक पहुंची तो दोनों व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया परन्तु टीम ने दोनों को धर दबोचा। दोनों की तलाशी लेने के दौरान मुन्ना मेदा के पास एक अवैध देशी पिस्टल मिली व दूसरे व्यक्ति किशोर की तलाशी में दो जिंदा कारतूस मिले। उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व पूछताछ के दौरान जानकारी दी कि मुन्ना मेदा उक्त देशी पिस्टल किशोर को बेचने आया था व दोनों के बीच खरीद फरोख्त चल रही थी। पुलिस टीम ने अवैध हथियार की खरीद फरोख्त करते समय ही दबिश देकर दो आरोपियों को अवैध देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा।

दोनों आरोपियों से अवैध हथियार खरीद फरोख्त से जुड़े व्यक्तियों के बारे में तथा हथियार खरीदने के पीछे के मंसुबों के बारे में पुलिस टीम ग्पूछताछ करने में जुटी है। अभियुक्त शक्तिनगर पाली निवासी किशोर कुमार (30) पुत्र मदन लाल, गांव भैरूपदा पुलिस थाना नायन निवासी मुन्ना मैदा (41) पुत्र नारा सिंह को गिरफ्तार किया।



पुलिस टीम ने दो व्यक्तियों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया।

# नाकाबंदी में कार को छोड़कर भागे तस्कर

**जोधपुर, (कासं)।** रूकड़ली गांव की सरहद में नाकाबंदी के दौरान एक कार तेजगति से निकली तो पुलिस को शक हुआ। इस पर पुलिस ने कार का पीछा किया। कार में सवार लोग गाड़ी को तेजी से भगाने के बाद उसे सूने स्थान पर छोड़कर भाग गए। पीछा करते मौके पर पहुंची पुलिस को कार की तलाशी में 390 ग्राम अफीम का दूध मिला।

थानाधिकारी मनोज परिहार ने बताया कि रात को पुलिस की तरफ से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों को लेकर पुलिस की तरफ से नाकाबंदी की गई। तब रूड़कली गांव की सरहद में नाकाबंदी में एक कार को रूकने का इशारा किय गया। इस पर उसमें सवार व्यक्ति कार को भगा ले गया। जिस पर कार का पीछा किया। कार में सवार लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने बाद में कार की तलाशी में 390 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## झारखंड के राज्यपाल आज सालासर आएंगे

**चूरू, (कासं)।** झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन आज सालासर आएंगे। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड राज्यपाल मंगलवार को दोपहर 2.45 बजे सर्किट हाउसए झुंझुनूं से प्रस्थान कर सांय चार बजे सालासर बालाजी धाम मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर सांय पांच बजे राजभवन, जयपुर के लिए प्रश्न करेंगे।

## अजय सैनी ने तिरंदाजी में गोल्ड मैडल जीता

**पाटन, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत घासीपुरा के राजस्व ग्राम कोला की नांगल की ढाणी पदमावाली के रहने वाले रोहितास सैनी के पुत्र अजय कुमार सैनी ने दिल्ली में आयोजित यूथ चैंपियन गेम्स की तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीतकर पाटन वाटी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अजय सैनी का चयन दो वर्ष पहले कक्षा 10 हसामपुर स्थित शहिद प्रमोद कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने के साथ खेल के दौरान तीरंदाजी में बेहतर प्रदर्शन करने से राज्य सरकार द्वारा संचालित उदयपुर की तीरंदाजी अकादमी में सलेक्शन हुआ। सैनी नेशनल स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए यूथ नेशनल चैंपियनशिप दिल्ली से गोल्ड मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# बच्चा गैंग सक्रिय : दो शादी समारोह से 40 तोला सोने के जेवर सहित नगदी चुराई

- बूंदी जिले में शादी समारोह में लूटपाट करने वाली शातिर बच्चा गैंग हुई सक्रिय
- दोनों शादी समारोह के दौरान सीसीटीवी में कैद हुई घटना, मामला दर्ज

**बूंदी, (निसं)।** जिले में एक बार फिर शादी समारोह में लूटपाट करने वाली शातिर बच्चा गैंग सक्रिय हो गई है। जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र के धनवा रिसोर्ट व हिंडोली थाना क्षेत्र के बंधन रिसोर्ट में आयोजित शादी समारोह में शातिर बच्चा गैंग के लोगों ने वारदात को अंजाम देते हुए एक जगह से 40 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार नगद, एक आईफोन सहित अन्य फोन रखा बैग लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना में खुजली वाले स्प्रे का इस्तेमाल कर 3 लाख रूपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं पीड़ितों की रिपोर्ट पर दोनों थाना पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

तालेड़ा थाना अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि कोटा आरके पुरम निवासी अंजू शर्मा के लड़के की थाना क्षेत्र के धनवा रिसोर्ट में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान एक साथी लड़के ने दुल्हन की मां अंजू शर्मा के पास रखा हरे रंग का बैग जिसमें 40 तोला सोना के आभूषण, एक आईफोन, एक अन्य फोन तथा 50 जजार नगद थे चुरा लिया और मौके से फरार हो गया। मौके पर बैग नहीं मिलने पर हड़कंप मच गया। लोगों ने अपने स्तर पर बैग की तलाश की लेकिन बैग कहीं नहीं मिला। सूचना पर तालेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें एक बच्चा जो दुल्हन की मां के पास बैठा हुआ था हरे रंग के बैग को ले जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। वही पीड़ित ने तालेड़ा थाना में पहुंचकर रिपोर्ट दी है।

दूल्हे की मां अंजू शर्मा ने बताया कि मेरे पुत्र की शादी का कार्यक्रम धनवा रिजॉर्ट में चल रहा था। मेरे पास एक हरे रंग का बैग था। जिसमें दुल्हन के 40 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार नगद, एक आईफोन व एक अन्य फोन था। थोड़ा सा ध्यान क्या हटा बैग गायब हो गया। बैग नहीं मिलते ही मेरे होश उड़ गए और चिल्लाने पर लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस को सूचना दी पुलिस ने आई और मौके पर सीसीटीवी फुटेज देखे तो एक बच्चा बैंग उठा कर ले जाता हुआ नजर आया।

**खुजली वाले स्प्रे का उपयोग कर 3 लाख रुपयों से भरा बेग ले उड़े चोर :-** वहीं दूसर घटना में हिंडोली क्षेत्र के बड़ा नयागांव में बंधन होटल में आयोजित शादी के कार्यक्रम में हुई। चोर कमरे से करीब 3 लाख रुपयों से भरा बेग चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित बूंदी निवासी महेंद्र कुमार पुत्र शंकरलाल जैन ने बताया की उसकी बेटी की शादी का कार्यक्रम था, शादी की रस्मे निभाई जा रही थी। रुपयों का बेग कमरे में रखा हुआ था। चोरों ने घटना को अंजाम देते समय खुजली वाले स्प्रे का इस्तमाल किया है। वह बड़ी चालाकी से बैग को लेकर फरार हो गए। सूचना पर हिंडोली पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई।

थाना प्रभारी मनोज सिंह सिकरवाल ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य संसाधनों से पुलिस चोरीं की तलाश मे जुटी हुई है। पीड़ित ने हिंडोली थाने में चोरी की रिपोर्ट सौपी है।

# प्रधानमंत्री ने प्रचूरता के साथ कार्य करने की नई परिभाषा गढ़ी : केंद्रीय मंत्री शेखावत

## बी.एस.एफ. फ्रंटियर मुख्यालय जोधपुर में रोजगार मेले का शुभारंभ

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आजादी के बाद से जिन सरकारों ने निरंतर अभावों, प्रतिकूलताओं और संसाधनों की कमी का रोना रोया, उसके उलट पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने प्रचूरता के साथ काम करते हुए काम करने की एक नई परिभाषा गढ़ने का काम किया।

बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय जोधपुर में आयोजित रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संभावनाओं, अवसरों, संसाधनों और युवा ताकत के साथ आजादी के 75 साल तक देश को जिस मुकाम पर पहुंचना चाहिए था, देश उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाया, क्योंकि पिछली सरकारें उन अवसरों पर काम नहीं कर पाईं। देश की आजादी में जिन लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उन्होंने इस देश को आजादी क्यों दिलानी थी? इस विजन को ध्यान में रखते हुए अपना सर्वस्व जीवन लगा दिया था, लेकिन पिछली सरकारों के कार्यकाल में उस अनुरूप काम नहीं हो पाया, लेकिन इस अमृतकाल के दौर में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक साल पहले संकल्प लिया था कि विभिन्न संस्थानों, विभागों में कुल सृजित 30 लाख पदों में से जो 10 लाख यानी 33 प्रतिशत पद रिक्त हैं, जिन्हें ऑर्गेनाइज तरीके से भरा जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। पिछले 10 साल में 22 हजार 50 करोड़ की धनराशि का लोन दिया गया है, जिसके माध्यम से 70 प्रतिशत से नए स्टार्टअप शुरू किए गए, जिनमें 67 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि 60 प्रतिशत पिछड़े लोग शामिल हैं। वर्ष 2014 में जहां केवल 200-300 स्टार्टअप ही हुआ करते थे, आज इनमें 200-300 गुना बढ़ोतरी हो गई है और अभी देश में एक लाख से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। भारत दुनिया में स्टार्टअप वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जिनके 10 लाख लोगों को रोजगार मिला है और 120 से ज्यादा स्टार्टअप का मार्केट वैल्यू 8 हजार 500 करोड़ से अधिक का है, अपने आप में अभूतपूर्व है।

शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री न केवल युवाओं को रोजगार देने को लेकर काम कर रहे हैं, बल्कि उनका कौशल विकास किस तरह किया जाए। इस पर भी निरंतर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में देश की आर्थिक हालात सुधारने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जहां पिछली सरकारों के दौरान देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो रही थी, वहीं मोदीजी के नेतृत्व पिछले पांच वर्षों में इंग्लैंड को पिछाड़ते हुए भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में शिक्षा और सुस्वास्थ्य जगत को बढ़ावा देने के लिए भी बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान 3000 हजार से अधिक नए आईटी, 7 आईआईटीज, 16 आईआईआईटीज बने, 7 नए एम्स और 390 नए विश्वविद्यालय बने हैं, जिनके माध्यम से युवाओं को शिक्षा हासिल करने के लिए बेहतरीन प्लेटफार्म मिल सके।

## किसान की हालत बिगड़ी, मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** खेत में काम कर रहे एक किसान की काम के दौरान हालत बिगड़ गई। परिजन उसे पहले शाहपुरा हॉस्पिटल और बाद में भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल लेकर आए , जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला शाहपुरा थाना क्षेत्र के रायपुर का है। यहां काम के दौरान खेत पर गया किसान देवीलाल पिता हीरालाल ( 44 ) खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान काम करते-करते अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वो खेत पर ही बेहोश हो गया। आसपास के लोगों और किसानों ने जब उसे खेत पर बेहोश अवस्था में देखा तो उसे शाहपुरा हॉस्पिटल लेकर गए। यहां से उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती के करवाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद से परिजनों को सौपा और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# हैड कांस्टेबल को टैक्सी चालक ने घसीटा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के पावटा चौराहा पर सुबह ड्यूटी पर तैनात हैड कांस्टेबल को एक पैसेंजर टैक्सी चालक ने सौ मीटर तक घसीटने के साथ एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे हैड कांस्टेबल घायल हो गया। नीचे गिरने से ई-डीवाइस मशीन भी टूट गई। पैसेंजर टैक्सी चालक के खिलाफ इस बाबत उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है।

यातायात शाखा के हैड कांस्टेबल जलेसिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी ड्यूटी रविवार को पावटा चौराहा पर थी। उसके साथ में महिला कांस्टेबल बिमली, मेनका और होमगार्ड कर्मी जयसिंह ड्यूटी पर थे। तब वहां चौराहा के पास में एक पैसेंजर टैक्सी चालक ने अपनी गाड़ी को नो पार्किंग में खड़ा कर रखा था। जिस पर उसे गाड़ी हटाने को कहा तो वह बदतमीजी पर उतर आया। इस पर उसका एमवी एक्ट में चालान बनाने की बात कहकर टैक्सी को साइड में लगाने को कहा। तब वह टैक्सी को साइड में करने के बजाया अचानक से टैक्सी तेज से चलाते हुए उस पर चढ़ाने का प्रयास किया। इस पर हैड कांस्टेबल जलेसिंह ने टैक्सी के पाइप को पकड़ लिया।

इसके बाद भी टैक्सी चालक ने गाड़ी को रोका नहीं। सौ मीटर तक उसे घसीट ले गया और एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे हैड कांस्टेबल जले सिंह नीचे गिर गया और घायल हो गया। नीचे गिरने से ई-डीवाइस मशीन भी टूट गई। बाद में ड्यूटी पर कार्यरत महिला कांस्टेबलों और होमगार्ड ने संभाला। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। घटना को लेकर उदयमंदिर थाने में राजकार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया है।

# रिमांड पर चल रही महिला आरोपी को जेल भेजा

## साईबर फ्रॉड के मामले में 50.56 लाख रुपये हड़पने का आरोप था

**सादुलपुर, (निसं)।** लगभग चार माह पूर्व शहर में एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन डिजिटल व्यापार का झांसा देकर रॉयल्टी के नाम पर 50 लाख 56 हजार रुपए का साईबर फ्रॉड करने के मामले में पुलिस रिमाण्ड पर चल रही ऑनलाइन ठगी की मास्टर माइंड महिला आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया।

थाना अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार महिला आरोपी खुशी उर्फ खुशबू खान निवासी पश्चिमी बंगाल मामले में पूछताछ हेतु तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर चल रही थी, जिसे रिमाण्ड अवधि समाप्त होने पर न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि सादुलपुर के वार्ड 8 निवासी इस्पाक अली को इंटरनेशनल होटल में प्रतिनिधि बनाने के नाम पर वेबसाइट दिखाकर एवं सर्वे करवाकर अच्छा मुनाफा देने के नाम पर लाखों रूपये का फ्रॉड किया गया था। जिसमें ऑनलाइन ठगी के मामले में मास्टरमाइंड महिला आरोपी खुशबू उर्फ खुशबू खान निवासी पश्चिमी बंगाल को तिहाड़ जेल दिल्ली से प्रोडेक्शन वांरट पर गिरफ्तार कर॰नौ फरवरी को तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया गया था।

थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि 10 अक्टूबर 2023 को सादुलपुर के वार्ड॰आठ निवासी इस्पाक अली ने राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाकर बताया था कि अज्ञात आरोपियों द्वारा ऑनलाइन होटल को आरक्षित करने के नाम पर अच्छा कमीशन देने का लालच देकर धोखाधड़ी कर उससे 50 लाख 56 हजार रुपए हड़प लिए, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शरू की थी। उन्होंने बताया कि मामले में इससे पूर्व आरोपी वृषभ शर्मा उर्फ ऋषभ शर्मा पुत्र राजेश रामनिवास शर्मा ब्राह्मण (27) निवासी हुड्डा कॉलोनी पुलिस थाना गुडगांव हरियाणा के अलावा आरोपी रमन प्रताप, रंजन चौधरी व नितीश उर्फ निशित पाठक को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है।

# पीपलूंद वासियों का मनरेगा में नहीं जोड़ा जा रहा नाम

## लोगों का कहना है कि ऐसे व्यक्तियों का नाम जोड़ा जा रहा है जो बाहर रहते हैं और अन्य काम कर रहे हैं

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जहाजपुर में राजनीतिक द्वेषतापूर्ण मनरेगा में हकदार गरीबों का नाम जानबूझकर के नहीं जोड़ने और ऐसे व्यक्तियों का नाम जोड़ा जा रहा है जो बाहर रहते हैं, बाहर अन्य व्यवसाय में जुड़कर के कार्य कर रहे हैं और उनके नाम पर मस्टरोल में श्रमिक के तौर पर दर्शाया जा रहा है। यह कहना है ग्राम पीपलूंद वासियों का। इन्होंने उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह से गुहार लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग करते हुये जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत पीपलूंद में सरकार द्वारा चलाई जारी नरेगा योजना के तहत कुछ गांव में नरेगा के तहत कार्य चल रहे हैं परंतु ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच एवं मेट की मिलीभगत के चलते नरेगा के लिए कार्य करने के लिए उपयुक्त बेरोजगार, निर्धन श्रमिकों, का नाम नरेगा मस्टरोल में नहीं जोड़कर ऐसे व्यक्तियों का नाम जोड़ा जा रहा है जो बाहर रहते हैं, बाहर अन्य व्यवसाय में जुड़कर के कार्य कर रहे हैं और उनके नाम पर मस्टरोल में श्रमिक के तौर पर दर्शाया जा रहा है जबकि नरेगा कार्य के हकदार गरीबों का नाम जानबूझकर के नहीं जोड़ा जा रहा है। आम व्यक्ति द्वारा गलत व फर्जी कार्य की आपत्ति या विरोध किया जाता है, सरपंच सचिव द्वारा धमकाया जाता है। झूठ मुकदमा में फंसाने की धमकियां सरपंच द्वारा दी जाती है। ग्राम पंचायत की मिलीभगत से मनरेगा कार्य में जमकर के फर्जी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। नरेगा के निर्धारित कार्य में भी गड़बड़ी है। ग्राम पंचायत द्वारा उन्हीं गांव में नरेगा कार्य कराया जा रहा है जहां फर्जी नाम की हाजिरी भरी जा रही है जहां के मेट, सरपंच सचिव के अनुसार फर्जी हाजरी भरकर के कार्य नहीं करते हैं उन गांव में जानबूझकर के नरेगा का कार्य प्रारंभ ही नहीं करवाया है। इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा नरेगा की भांति ही अन्य कार्य में भी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत के उप सरपंच सावन टांक को ऐसे गलत व फर्जी नाम लिख कर नरेगा मस्टरोल चलाये जाने का हम श्रमिकों द्वारा अवगत कराया गया और उपसरपंच द्वारा इस मामले में सरपंच को आपत्ति दर्ज कराई तो भी सरपंच द्वारा उपसरपंच के साथ गाली-गलौज कर उन्हें गलत एवं झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी एवं कहा कि मेरी पार्टी का राज है एवं मेरी ऊपर तक चलती है, तो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। इस प्रकार सरपंच द्वारा जानबूझकर नरेगा के लिए योग्य और उपयुक्त व्यक्तियों को नरेगा कार्य से बाहर रखा जा रहा है एवं गलत एवं फर्जी आदमी का नाम लिखकर नरेगा का कार्य संपन्न करवाई जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार जिलाधीश ने कल ही अधिकारियों को निर्देश दे कर कहा है कि नरेगा में फर्जी नाम लिखने व हाजिरी भरने वाले संबंधित मेट एवं अन्य व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्य की जाएगी ऐसे में हम ग्राम पंचायत पीपलूंद के नरेगा के सभी श्रमिकों एवं ग्राम वासियों की आपसे मांग है कि ग्राम पंचायत पीपलूंद में नरेगा कार्य के मस्टरोल की जांच करवा कर फर्जी हाजी भरने वाले मेट एवं फर्जी हाजिरी भरवाकर मिलीभगत करने वाले सरपंच एवं सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कराई जाए एवं फर्जी कार्य में सहयोग करने वाले सरपंच को अविलंब निलंबित किया जावे। यह कार्य 07 दिवस में नही होता है तो ग्रामवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन के साथ अन्य आवश्यक कदम उठा कर आंदोलन किया जायेगा।



पीपलूंद वासियों ने उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह से गुहार लगाई।

- पंचायत के सचिव, सरपंच एवं मेट की मिलीभगत के चलते मनरेगा में नाम नहीं जोड़ा जा रहा है